(ग) क्या यह सच है कि उपमहाप्रबंधक के निजी सचिव ने सूचित किया है कि सुपर बाजार में महाप्रबंधक ने सांसदों के पत्रों का उत्तर देने और उनके संबंध में रसीद/पावती भेजने की कोई व्यवस्था नहीं की है और क्या यह भी सच है कि सुपर बाजार में सहायक प्रबंधक (कार्मिक) और महाप्रबंधक तथा उपमहाप्रबंधक के निजी सचिवों द्वारा सांसदों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने संबंधी प्रत्येक मामले में उपमहाप्रबंधक द्वारा सांसदों को व्यक्तिगत रूप से बुलाया जाता है और इस प्रकार उनका अपमान किया जा रहा है तथा इस प्रक्रिया में सांसदों के पद की गरिमा को काफी हद तक क्षति पहुंचाई जाती है; और

(च) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) : (क) जी, हां ।

(ख) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि माननीय संसद सदस्यों द्वारा भेजे गए सभी पत्रों पर तुरन्त ध्यान दिया जाता है और की गई कार्यवाही के बारे में उत्तर भेजा जाता है ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ) जी, नहीं ।

(च) (ङ) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

सुपर बाजार के महाप्रबंधक को सांसदों से प्राप्त हुए पत्र

1692. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी** : क्या **नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1994 के दौरान अब तक बिक्री सहायकों के स्थानान्तरण के संबंध में सुपर बाजार के महाप्रबंधक को सांसदों से कितने पत्र प्राप्त हुए ;

(ख) सांसदों द्वारा कितने तथा किन-किन बिक्री सहायकों के बारे में ऐसी सिफारिशें की गई थीं ;

(ग) सुपर बाजार के महाप्रबंधक द्वारा इस संबंध में अब तक क्या ठोस कार्यवाही की गई है ;

(घ) क्या यह सच है कि महाप्रबंधक और सहायक प्रबंधक ने एक सांसद के उन पत्रों की पावती देने से साफ इंकार कर दिया है जिनमें सांसद ने नियंत्रण कक्ष में तैनात एक महिला कर्मचारी के बारे में यथास्थिति बनाए रखने के लिए कहा था ;

(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) क्या सरकार ने इस संबंध में हस्तक्षेप किया है अथवा हस्तक्षेप करने का विचार रखती है ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) : (क) जनवरी, 1994 से 12 दिसम्बर, 1994 की अवधि के दौरान तीन पत्र प्राप्त हुए थे ।

(ख) और (ग) दो; (i) श्री अश्वनी कुमार, (ii) सुश्री एलिजाबेथ माइकल ।

सुपर बाजार ने सूचित किया है कि स्थिति माननीय संसद सदस्यों को स्पष्ट कर दी गई है ।

(घ) जी, नहीं ।

(ङ) और (च) ऊपर (घ) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

सुपर बाजार द्वारा खरीदी गई वस्तुओं का मूल्य

1693. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी** : क्या **नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान सुपर बाजार ने बिना कोई निविदा आमंत्रित किये अपने वस्त्र और फर्नीचर प्रभागों के लिए कुल कितनी धनराशि की वस्तुएं खरीदी हैं;

(ख) उक्त वस्तुएं किन-किन विनिर्माताओं/वितरकों से खरीदी गई थीं;

(ग) क्या सुपर बाजार के वस्त्र और फर्नीचर प्रभागों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है और वहां कार्यरत कर्मचारियों और बिक्री सहायकों द्वारा ग्राहकों को लूटा जा रहा है और बिक्री-रसीदों में कीमतों के आंकड़ों में भारी हेरा-फेरी की जा रही है;

(घ) सुपर बाजार द्वारा बेचे जा रहे फर्नीचर और वस्त्रों के ब्रांड नाम क्या-क्या हैं और उनकी खरीद तथा बिक्री की दरें क्या-क्या हैं और गत तीन वर्षों के दौरान माहवार कितनी बार उनकी खरीद दरें संशोधित की गई, और इसके क्या कारण है; और

(ङ) सुपर बाजार को खुले बाजार की दरों से अधिक दरों पर माल की आपूर्ति करने वाले संभरकों की संख्या कितनी है ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) : (क) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि वस्त्र तथा फर्नीचर विभागों में खरीदारी उत्पाद के प्रतिस्पर्धी मूल्य तथा उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के बाद एक नियत प्रक्रिया के अनुसार की जाती है। सुपर बाजार ने सूचित किया है कि वे इन विभागों में निविदाएं आमंत्रित किए बिना की गई खरीदारियों के बारे में आंकड़े नहीं रख रहे हैं। व्यापार जांच प्रभाग द्वारा वर्ष 1991-92, 1992-93 व 1993-94 के दौरान किए गए इन वस्तुओं के सौदों का ब्यौरा विवरण **(नीचे देखिए)** में दिया गया है।

(ख) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि फर्नीचर, मै० गोदरेज एण्ड बॉयस कम्पनी लि०, डिलाइट सेफ वर्क्स, न्यू एज इन्डस्ट्रीज, मॉडिक्स बिजनेस सिस्टम आदि से क्रय किया गया है। कपड़े की मदों की खरीदारी मै० रेमण्ड्स, एस० कुमार, ओ० सी० एम०, ग्वालियर, विमल, गार्डन, विन्नी, बाम्बे डाईंग, एलगिन मिल्स आदि से की गई है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि फर्नीचर विभाग लोकप्रिय ब्रांडों, जैसे गोदरेज एण्ड बॉयस, न्यू एज आदि तथा साथ ही स्थानीय कम्पनियों द्वारा विनिर्मित मदों की बिक्री करता है। इसी प्रकार कपड़ा विभाग में लोकप्रिय मिलों, जैसे विमल, रेमण्ड्स, एस० कुमार, आदि द्वारा तैयार कपड़ों तथा साथ ही अन्य मिलों के कपड़ों की बिक्री की जाती है। मूल्य में संशोधन करना एक सामान्य व्यापारिक गतिविधि है और विनिर्माता द्वारा मूल्यों में संशोधन किए जाने के आधार पर ऐसा किया जाता है। गत तीन वर्षों के दौरान महीनावार खरीदारी व दरों में संशोधन के आंकड़ों को एकत्र करने, तालिकाबद्ध करने तथा उन्हें तैयार करने से प्राप्त होने वाले परिणाम इस कार्य में लगने वाले भारी परिश्रम तथा कार्य के भार के अनुरूप नहीं होंगे। इसके अलावा यह एक वाणिज्यिक सूचना है, जो प्रतिस्पर्धियों की जानकारी में नहीं आनी चाहिए।

(ङ) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि आपूर्तिकर्ता को पंजीकृत करते समय उनसे यह वचन लिया जाता है कि वे किसी अन्य संस्था/संगठन को इन वस्तुओं की आपूर्ति उन दरों से कम पर नहीं करेंगे, जिन पर वे सुपर बाजार को सप्लाई करते हैं।

विवरण

क्रम संख्या	विभाग	व्यापार जांच के जरिए विभागवार बिक्री वर्ष		
		1991-92	1992-93	1993-94
1.	फर्नीचर . . .	43,50,000.00	40,27,928.35	89,79,357.57
2.	कपड़ा . . .	1,04,828.00	2,90,936.42	26,96,134.22

सुपर बाजार के कर्मचारियों का स्थानांतरण

1694. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी** : क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सुपर बाजार के महाप्रबंधक ने हाल ही में बड़ी संख्या में कर्मचारियों के स्थानांतरण के आदेश दिये हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) इन कर्मचारियों के स्थानांतरण किस आधार पर किये गए हैं और क्या इनमें सहायक प्रबंधकों और सहायक प्रबंधक (कार्मिक) का भी स्थानान्तरण किया गया है ;

(घ) स्थानान्तरित किये गए कर्मचारियों के नाम तथा पदनाम क्या हैं तथा उन्हें किस स्थान से किस स्थान पर स्थानान्तरित किया गया है ;

(ङ) क्या इन कर्मचारियों में से किसी के स्थानान्तरण को रद्द करने हेतु महाप्रबंधक से कोई सिफारिश की गई है ; और

(च) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज)। (क) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि बड़े पैमाने पर कोई तबादले नहीं किए गए हैं। काम की अपेक्षाओं तथा कर्मचारियों की उपलब्धता के अनुसार समय-समय पर तबादले किए जाते हैं।

(ख) ऊपर (क) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता है।

(ग) और (घ) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि हाल में सहायक प्रबंधकों के कुछ तबादले किए गए हैं परंतु सहायक प्रबंधक (कार्मिक) का तबादला नहीं किया गया है। सहायक प्रबंधकों के